Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 07-12-2006

Participants : Singh Shri Ganesh

an>

Title: Need to change the time table of Mahakaushal Express and Rewa- New Delhi Express trains.

श्री गणेश सिंह (सतना) : सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देते हुए एक बहुत महत्वपूर्ण मसला सदन में रखना चाहता हूं, जो छः लोक सभा क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है - जबलपुर, रीवा, सतना, बांदा और हमीरपुर खजुराहो। पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर डिवीजन के अंतर्गत मेरा लोक सभा क्षेत्र आता है। दिल्ली को जोड़ने वाली दो यात्री गाड़ी थी, एक जबलपुर से हजरत निजामुद्दीन महाकौशल एक्सप्रैस जो शाम 6 बजे चलकर दोपहर 11.30 बजे निजामुद्दीन पहुंचती है। इस गाड़ी के समय परिवर्तन की मांग लम्बे समय से थी कि उक्त गाड़ी को सुबह 9 बजे तक दिल्ली पहुंचने हेतु समय सारिणी में संशोधन किया जाए। अभी जो समय परिवर्तन किया गया है, वह पूर्णतः असुविधाजनक है तथा इसके कारण लोगों में भारी आक्रोश है। अतः समय में परिवर्तन कर हजरत निजामुद्दीन सुबह 9 बजे तक पहुंचाने हेतु समय सारिणी में संशोधन किया जाए।

ठीक इसी तरह से दूसरी गाड़ी जो रीवा से चलकर नई दिल्ली आती है, उसका समय रात्रि 10.30 बजे रीवा से चलकर दोपहर 1.30 बजे दिल्ली पहुंचने का है। उक्त गाड़ी के समय में परिवर्तन करके सुबह 9.30 बजे तक दिल्ली पहुंचाये जाने की मांग की गई थी। लेकिन दुर्भाग्य है कि आज तक समय सारिणी में संशोधन नहीं किया गया । इन दोनों गाड़ियों की स्थिति ऐसी है कि रीवा से दिल्ली चलने वाली गाड़ी हमेशा 3 बजे के बाद ही पहुंचती है, इसी तरह महाकौशन एक्सप्रैस हमेशा दोपहर 1 बजे के बाद पहुंचती है, जिसके कारण यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

आपके माध्यम से मैं दोनों गाड़ियों की समय सारिणी में परिवर्तन की मांग करता हूं।